प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का हक, वे यहां निवेश कर राजस्थान के विकास में सहभागी बनें : हरिभाऊ बागडे

सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें : ओम माथुर

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थानी जहां जहां जाकर बसे हैं वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आठ करोड़ की जनसंख्या बताई जा रही है। इसके अलावा भी दो ढाई करोड़ बाहर प्रवास करते हैं। इन सबको मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हक से बुलाकर राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। उन्होंने कहा कि हमारे महाराष्ट्र में कहावत है, जहां न पहुंचे बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी। राजस्थानी जहां गए हैं वहां अच्छा कार्य किया। लगन और परिश्रम से अपना स्थान बनाया है।

बागडे मंगलवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देशभर की अर्थव्यवथा में महती भूमिका निभाई हैं। अब समय राजस्थान को विकसित करने का है।

राज्यपाल ने कहा कि दुग्ध क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी है। इस क्षेत्र में और विकास की आवश्यकता है। उन्होंने राजस्थान में निवेश करने बालों को विश्वास दिलाया कि यहां आएंगे तो राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बारिश के पानी को रोके जाने पर अधिक से अधिक कार्य हो। इस समय प्रदेश में एक ही फसल ली जाती है। बारिश के पानी को सहेज कर प्रयास करें कि दो फसल यहां हो।

राज्यपाल ने आव्हान किया कि आदिवासी क्षेत्रों में लोगों को काम दें। पिछड़े क्षेत्रों में कारखाने खोले और गरीब, किसान और घुमंतुओं की आर्थिक स्थिति में सुधार में प्रवासी

■ **शाहपुरा से जर्मनी तक, डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग समिट का माहौल : भूपेंद्र यादव**

भागीदारी बने। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौ धन संरक्षण के लिए अच्छा कार्य होता है। गौशालाओं में गायों के लिए किए जा रहे कार्यों की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पहल कर निवेश प्रोत्साहन लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया और निवेश नीति की सराहना की।

सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने कहा कि राजस्थान का व्यक्ति विश्व भर में अपने कठिन परिश्रम के लिए जाना जाता है राजस्थानी देश के किसी भी राज्य में गया हो अथवा विदेश में उसने, हर जगह अपना नाम कमाया है। साथ ही वह अपनी जन्मभूमि को कभी नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 सालों में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तथा विश्व गुरु एवं सोने की चिड़िया बनने की राह पर है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक परिश्रम से राइजिंग राजस्थान बेहद सफल कार्यक्रम साबित हुआ है तथा शर्मा प्रवासी राजस्थानियों के किसी भी काम में कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रवासी बंधुओं को हर तरह की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि वे साल में एक बार जरूर अपने गांव जाएं तथा सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन की नई परिभाषा बनी है तथा सुशासन से सिस्टम में त्वरित एवं सटीक निर्णय में आसानी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विज़न में राइजिंग समिट की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 1 वर्ष में ही शाहपुरा से जर्मनी तक डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग समिट का माहौल बनाया है तथा निवेशकों के लिए एक सफल कार्यक्रम का संचालन किया है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ियों की अपार उद्योग की क्षमता, निर्विवाद रहने की कला तथा संस्कारों से दुनिया भर में मारवाड़ियों का डंका बजा है। अब कोर बिजनेस के साथ ही मारवाड़ी हॉस्पिटैलिटी, आईटी, ए आई जैसे क्षेत्रों में भी आगे बढ़ते दिख रहे हैं।

खेतड़ी एस.डी.एम. दो लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

झुंझुनूं/जयपुर। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट-द्वितीय, जयपुर इकाई ने झुंझुनूं में कार्यवाही करते हुये बंशीधर योगी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी, जिला झुंझुनूं को परिवादी से दो लाख रुपये और कीमती डिनर-सैट रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट द्वितीय, जयपुर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई थी कि उसकी जमीन के विवाद में न्यायालय द्वारा उसके पक्ष में दी गई डिक्री की पालना करवाने की एवज में आरोपी बंशीधर योगी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी द्वारा पहले 20 बीघा जमीन अपने नाम करवाने की मांग की। परिवादी द्वारा असमर्थता जाहिर करने पर पांच लाख रुपये रिश्वत के रूप में मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी के अनुनय विनय करने पर आरोपी 3 लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हुआ है, जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट द्वितीय, जयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को उनके द्वारा मय टीम के झुंझुनूं में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी बंशीधर योगी को परिवादी से दो लाख रुपये और कीमती डिनर-सैट रिश्वत के रूप में लेते गिरफ्तार किया गया है।

राजस्थान अब केवल एक रेगिस्तानी राज्य नहीं, बल्कि उभरते हुए अवसरों की भूमि है : गजेंद्र सिंह

जयपुर। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन मंगलवार को अमेरिका (यूएसए) कंट्री सेशन में सप्लाई चेन और मैन्युफैक्चरिंग पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब केवल एक रेगिस्तानी राज्य नहीं, बल्कि उभरते हुए अवसरों की भूमि है। उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी को आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और भारत जल्द ही तीसरा सबसे बड़ा आर्थिक लोकतंत्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने उल्लेख किया कि अमेरिकी कंपनियां पहले ही भारत में 1000 से अधिक उद्योग संचालित कर रही हैं और जैसी कंपनियों ने भारत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। राजस्थान की भूमिका पर जोर देते हुए, उन्होंने बताया कि राज्य दिल्ली-मुंबई

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में मंगलवार को अमेरिका (यूएसए) कंट्री सेशन में सप्लाई चेन और मैन्युफैक्चरिंग पर गहन चर्चा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने संबोधित किया।

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का 30 फीसदी हिस्सा कवर करता है और इसकी भौगोलिक स्थिति उद्योग और लॉजिस्टिक्स के लिए आदर्श है।

मंत्री श्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, भारतमाला योजना, और पीएम गतिशक्ति पोर्टल जैसे प्रोजेक्ट्स ने निवेशकों के लिए शानदार आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराया है।

उन्होंने राज्य के युवा कार्यबल और प्रतिभा के भंडार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता ने इस समिट को संभव बनाया है।

सत्र की शुरुआत में, यूडीएच के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सप्लाई चेन प्रबंधन में तकनीकी नवाचार, जीएसटी कार्यान्वयन, और लॉजिस्टिक्स में राजस्थान की क्षमता पर चर्चा की।

चंद्रकांत सलुंखे ने के लिए निवेश और अनुबंध निर्माण के अवसरों पर प्रकाश डाला। राजिंदर सिंह भाटिया ने मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन में रणनीतिक पहलुओं पर बात की। डॉ. अनिर्बाण अधिकारी ने सप्लाई चेन में स्थिरता चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. बृजेश बारसे ने स्वास्थ्य और कृषि सप्लाई चैन में स्थिरता पर विचार प्रस्तुत किए।

सत्र के अंत में वक्ताओं ने राजस्थान को एक महत्वपूर्ण रक्षा विनिर्माण क्षेत्र और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के लिए साझा रणनीतियों पर जोर दिया। अंत में गालरिया ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट ने न केवल राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए नवीन अवसर पैदा किए है।

राइजिंग राजस्थान में लोगों ने देखी प्रदर्शनी

जयपुर के जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में लगी प्रदर्शनी को मंगलवार को लोगों ने देखकर उनके बारे में जानकारी ली।

राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में बनाएंगे 3 लाख 41 हजार मकान : शिवराज सिंह चौहान

कृषि एवं उद्योग के लिए प्रदेश के हर कोने में पहुचाएंगे पर्याप्त पानी : भजनलाल शर्मा

जयपुर। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग राजस्थान में गरीब और किसान के लिए पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 3 लाख 41 हजार 620 आवासों का निर्माण करेगा। इस पर लगभग 4 हजार 99 करोड़ रुपये का व्यय होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नए राजस्थान के उदय के लिए काम कर रहे हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से कृषि क्षेत्र में विषेषकर फूड प्रोसेसिंग में भारी निवेष आ सकेगा।

चौहान मंगलवार को जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत आयोजित 'एग्री बिजनेस इनोवेषन्स मूविंग अप द वैल्यू चेन' सेक्टोरल सेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को फूड बास्केट ऑफ वर्ल्ड बनाने का काम कर रहे हैं जिससे भारत विश्व का पेट भर सकेगा। सिंह ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए विभाग ने 6 सूत्री रणनीति बनायी है। कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हमने 109 नए बीजों की किस्म तैयार की है। इसमें बाजरा और धान की फसलें भी शामिल हैं जिनका कम समय में ज्यादा उत्पादन किया जा सकेगा। उन्होंने पीकेसी-ईआरसीपी एकीकृत परियोजना का जिक्र करते हुए इसे मध्यप्रदेश और राजस्थान के किसानों के लिए वरदान बताया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार नई कृषि पद्धतियों पर ध्यान दे रही है। साथ ही, हम किसानों की उत्पादन

■ **'एग्री-बिजनेस इनोवेशन्स मूविंग अप द वैल्यू चेन' सेक्टोरल सेशन आयोजित**

की लागत बचाने के लिए उन्हें सस्ता लोन भी मुहैया करा रहे हैं। चौहान ने कहा कि केन्द्र सरकार आयात-निर्यात नीति में बदलाव कर किसानों को तात्कालिक राहत भी पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पाम ऑयल पर 27.5 प्रतिशत ड्यूटी लगाकर सोयाबीन के किसानों को आर्थिक संबल दिया है। साथ ही, केन्द्र सरकार फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समृद्ध एवं शक्तिषाली भारत का निर्माण हो रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बिजली एवं पानी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे उद्योग एवं कृषि दोनों क्षेत्रों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिष्चित होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेष के हर कोने में पानी पहुंचाएगी और किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध कराएगी। हम राजस्थान को बिजली के क्षेत्र में 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राइजिंग राजस्थान समिट में आए सभी निवेषकों की मंशानुसार आवष्यकताओं की पूर्ति सुनिष्चित की जाएगी।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान कृषि के क्षेत्र में भारत का एक अग्रणी राज्य है। यहां की कृषि भूमि एवं विभिन्न तरह की जलवायु राज्य को कृषि उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है। राजस्थान सरसों, बाजरा और तिलहन के उत्पादन में देश में शीर्ष स्थान पर है, वहीं श्री अन्न, मूंगफली, सोयाबीन, चना और कपास के उत्पादन में भी हम अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन एवं प्रचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा श्री अन्न प्रमोशन एजेंसी की स्थापना कर रही है। शर्मा ने कहा कि राज्य के जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर आदि जिलों में खजूर की खेती ने कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के नए द्वार खोले हैं। राज्य में बागवानी, औषधीय पौधे, मसाले और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश के अपार अवसर उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आंतरिक भौगोलिक स्थिति कृषि उत्पाद के परिवहन एवं निर्यात हेतु अनुकूल है, जहां से भारत के उत्तर एवं पश्चिम क्षेत्र के बाजारों तक सुगमता से पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से देश के बड़े बाजारों तक पहुंचने के लिए बेहतरीन रेल, सड़क और हवाई नेटवर्क है, जो निवेशकों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति और उत्पादों के वितरण को सरल बनाता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित भंडारण और परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए नए वेयरहाउस और कोल्ड चेन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2024 के तहत कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विशेष रियायतें दी गई हैं।

राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में वृद्धि होगी : दिया कुमारी

जयपुर। सुशासन को समर्पित मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पांचवें एवं छठे वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में गत 1 जुलाई से क्रमशः 12 प्रतिशत एवं 7 प्रतिशत की वृद्धि के निर्णय के प्रस्ताव का अनुमोदन उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कर दिया है।

दिया कुमारी ने बताया कि इस निर्णय के परिणामस्वरूप पांचवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 443 प्रतिशत से बढ़कर अब 455 प्रतिशत एवं छठे वेतनमान में 239 प्रतिशत से बढ़कर 246 प्रतिशत हो गया है। यह निर्णय कर्मठता के प्रतीक हमारे सेवारत एवं सेवानिवृत राज्य कर्मचारियों के जीवन में खुशहाली के नवीन प्रभात की कड़ी है। उन्होंने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के विजन के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण उत्थान हेतु हमारी सरकार कटिबद्ध है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सुरभि रमेशभाई लावती से बदलकर सुरभि मालपानी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुरभि मालपानी पत्नी श्री विपुल मालपानी के नाम से जाना जावे। निवासीः 3742, गणगौरी बाजार, मालपानी नर्सिंग होम, जयपुर।

आम सूचना

हम विजय कुमार वाधवा पुत्र श्री वेद प्रकाश वाधवा, उम्र 76 वर्ष एवं रेखा वाधवा धर्मपत्नि श्री विजय कुमार वाधवा, उम्र... वर्ष, निवासी: फ्लेट नं. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, आकाशिया, अर्बन टुडस, वाटिका इन्फ्राटेक सिटी, ठीकरिया, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान 302026 के है। हमारे एक पुत्र अनिरुद्ध है, जिसका चाल-चलन खराब है, नशे की लत लगी हुई है तथा परिवार के लोगों के साथ मारपीट करता है, जिसके संबंध में पुलिस थाने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा रखी है। यह परिवार से अलग पराई लड़की के साथ रहता है। अब हम हमारे पुत्र अनिरुद्ध के साथ किसी भी प्रकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं रखना चाहते है तथा हमने इसे हमारी स्वर्जित समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब हमारे पुत्र अनिरुद्ध का हमारी समस्त प्रकार की स्वर्जित चल-अचल सम्पति से कोई संबंध नहीं रहा है। कोई भी व्यक्ति हमारे पुत्र अनिरुद्ध से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करता है, तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। ईश्वर हमारा साक्षी है। यह सूचना आम व खास में जारी हो।

- विजय कुमार वाधवा एवं रेखा वाधवा

कार्यालय जिला परिषद करौली

क्रमांक/जिपक/लेखा/2024/1789-94
दिनांक-09.12.2024

संशोधन-पत्र

कार्यालय की निविदा सूचना संख्या जिपक/लेखा/निविदा/2024/1782 दिनांक 02/12/2024 के द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत जिला एक्सपोजर विजिट करौली से जैसलमेर की यात्रा दिनांक 17/12/2024 से 20/12/2024 के स्थान पर 21/12/2024 से 25/12/2024 पढा जावे। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(शिव चरण मीना)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद करौली

सार्वजनिक सूचना **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : एच ( ) जविप्रा/उपा/जोन-11/2024/डी-4062 दिनांक: 04.12.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रजत गोयल पुत्र श्री अनिल कुमार गोयल द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 774 क्षेत्रफल 240 वर्गमीटर के नाम हस्तांतरण व लीज होल्ड से फ्री-होल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 774 क्षेत्रफल 240 वर्गमीटर की लीजडीड क्रमांक 274 दिनांक 27.12.2023 को श्री नानगराम, रोडूराम, रामेश्वर, सूरजमल उर्फ सुजीलाल, नानूराम पुत्रान स्व. श्री लक्ष्मीनारायण हि. 1/3, श्री देवीलाल पुत्र स्व. श्री रामकरण हि. 1/3 श्री हनुमान चौधरी पुत्र स्व. श्री गोपाल हि. 1/3 के पक्ष में जारी गई है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/ कम्पनी / संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

अधिशासी अभियन्ता-11

खोया पाया

मेरे मकान 43/16/05, मानसरोवर का मूल आवंटन पत्र, कब्जापत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- दर्शन सिंह- 9829939157

मेरे भूखण्ड सं- 745 जे.डी.ए. की योजना मंगलम सिटी वाटिका विस्तार जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन-पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे मुकेश कुमार मो. नं- 8239276045

जलमहल हाउसिंग कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी लि. की आवासीय योजना अंगीरा नगर के भूखण्ड संख्या 45 का सोसायटी द्वारा जारी मूल पट्टा, रसीद, साईट प्लान एवं मुख्त्यारनामा कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। (सुरेन्द्र अग्रवाल 9782401119)

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रतापनगर, जयपुर

क्रमांक :- दिनांक :-

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास / प्लैट संख्या 30/160 (LIG) का आवंटन श्री टैक चन्द्र पंजाबी पुत्र श्री दिलीप चन्द्र को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2868 दिनांक 29-10-1997 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 157/4717 दिनांक 05-10-2006 के द्वारा श्री विजय लक्ष्मी पत्नी श्री दिनेश गुप्ता के पक्ष मे किया गया। उनके पक्ष मे पंजीयन पत्रो निष्पादन दिनांक 26.10.2006 को कर दिया गया। श्री विजय लक्ष्मी द्वारा उक्त आवास को 1. श्री अशोक वैद एवं 2. श्री दीपक वैद पुत्रान् श्री राधेश्याम वैद को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 19.01.2007 को उप पंजीयक (प्रथम) जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। 1. श्री अशोक वैद एवं 2. श्री दीपक वैद पुत्रान् श्री राधेश्याम वैद द्वारा उक्त आवास को श्री दिनेश कुमार खण्डेलवाल पुत्र स्व. श्री नारायण खण्डेलवाल को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2018 को उप पंजीयक (अष्टम्) जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। श्री दिनेश कुमार खण्डेलवाल पुत्र स्व. श्री नारायण खण्डेलवाल द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री दिनेश कुमार खण्डेलवाल पुत्र स्व. श्री नारायण खण्डेलवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

व.मं.बि.इंजी. (टीआरडी एण्ड जीएसयू), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **एनआईटी संख्या: ईएल-जीएसयू - जेपी-2024-25-03R-II, दिनांक: 09.12.2024. कार्य का नाम:** टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड क्रॉस ओवर ऑफ लाइन-3-4 एण्ड 100 मीटर डेड-एन्ड एक्सटेंशन ऑफ लाइन - 2, 5 एट कनकपुरा यार्ड ऑफ जयपुर डिविजन। **अनुमानित लागत:** ₹ 92,68,772.77. **बिड सिक्युरिटि राशि:** ₹ 1,85,400/-. **निविदा खोलने की तिथि:** 31.12.2024. **नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय: निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे तक। ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता: www.ireps.gov.in**

1415-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई- निविदा

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर व्दारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को **15.00 बजे** तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: GSU-AII-UDZLL910-01-24-25. कार्य का नाम:** Earthwork in cutting/formation extension of minor bridges, supply of stone ballast of 65 mm size (Hard Stone). Transportation of P.Way material, Laying & Linking of BG track including Point-xing, Dismantling of civil structures and other miscellaneous work in c/w converting stabling line no. 9 into running line and a passenger PF line at Udaipur station" **अनुमानित लागत :** ₹ 1,31,53,275.56. **Bid Security:** ₹ 2,15,800/-. **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि व समय: 30.12.2024 को 15.00 बजे। ई-निविदायें खोलने की तिथि व समय: 30.12.2024 को 15.30 बजे।** उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता **www.ireps.gov.in**

1416-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या: 09-2024-24DSLBGKT. कार्य का नाम: Repair and maintenance of roof mounted Cab AC Units during minor and major inspection schedule of 3 Phase locomotives and One time repair and AMC of HHP loco Cab AC at Diesel Shed, BGKT for a period of 02 years. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,94,74,290.82. **बयाना राशि जो कि जमा करानी है:** रू 2,47,400.00. **टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक: 15:00 बजे** दिनांक **31/12/2024,** उसी दिन तत्पश्चात खोली जायेगी। **वेबसाईट विवरण एवं कार्यालय का पता: http://www.ireps.in** वरि.अनु. इंजि/डीजल-सामान्य. उ.प.रे. डीजल शैड भगत की कोठी के सूचना पट्ट पर

1413-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 40/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सुनील कुमार पुत्र श्री निरंजन सिंह निवासी 80, जगदीश कॉलोनी, नेताजी की चक्की, भोमियाजी व भैरू जी मंदिर, निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत गोपत्ति सेवा धार्म वेरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता दुकान नं. जी-5 राज लक्ष्मी टॉवर, प्लाट नं.06, शक्ति नगर, निवारू रोड, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 11.12.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 401/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री समीर राणा पुत्र श्री प्रभु दयाल राणा निवासी कच्ची बस्ती, सेक्टर-5, बम्बाला, सांगानेर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत अपेक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता कच्ची बस्ती, सेक्टर-5, बम्बाला, सांगानेर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 6. 12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 11.12.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

AU SMALL FINANCE BANK

Registered Office : 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001.
www.aubank.in

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **16 Dec 2024 between 11:00 AM - 3:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction